

02

राजकुमार अग्र सम्मान से सम्मानित

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

भक्तों ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 24 मार्च 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष तृतीया, मूल्य, 2.00 रुपए


# शिक्षा से ही विद्यार्थियों का विकास संभव: कृष्ण कांत



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ गुरुवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 29 मार्च तक चलेगा। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का स्वागत किया व शुभाशीष दिया। प्राचार्य ने आज शहीद दिवस के अवसर पर देश के ऊपर प्राण न्यौछावर कर देने वाले वीर सपूतों भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियों के चित्र हमें हमारी सोच व समझ को परिवर्तित करने के लिए हौंसला प्रदान करती हैं और स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे इन सात दिनों में अपने अंदर एक महान परिवर्तन लेकर आएंगे जो उनके जीवन को संवारने में मदद करेगा। शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला ने भी स्वागत भाषण में स्वयंसेवकों को दूसरों के लिए जीने के लिए प्रेरित किया। स्वागत समारोह में मंच संचालन का कुशल कार्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रअधिकारी डॉ सुप्रिया ढांडा ने किया। गौरतलब है कि शिविर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सम्बद्ध 10 महाविद्यालयों की 14 इकाईयों के 133 स्वयंसेवक व कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश शर्मा ने प्रेरणा भाषण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभना गोयल, डॉ सुप्रिया ढांडा, डिप्टी सुप्रीटेंडेंट मनमोहन सिंगला, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगवीर सिंह व लवकेश मौजूद रहे।